कार्यालय उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड

भवन संख्या 23, लेन नं0 03, शास्त्री नगर, हरिद्वार रोड़, देहरादून, 248001
Mail ID :**ukmssbdun@gmail.com**; Website : **www.ukmssb.org** **Phone: 01352665366**

पत्र संख्याः उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 23 / 2024–25 / 533 दिनांकः 02 जुलाई, 2026

असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) परीक्षा– 2025

उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 16 पदों (बैकलॉग सहित) पदों पर साक्षात्कार / अभिलेख सत्यापन हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों के अभिलेखों के सत्यापन उपरान्त सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड द्वारा विज्ञापन संख्याः उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 23 / 2024–25 / 521, दिनांकः 14 जुलाई 2025 के माध्यम से उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों के अन्तर्गत असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 16 पदों पर सीधी भर्ती हेतु जारी विज्ञापन के अनुक्रम में बोर्ड के पत्र संख्या– उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 23 / 2024–25 / 396, दिनांक **15 मई 2026** द्वारा असिस्टेन्ट प्रोफेसर (नर्सिंग) के रिक्त 16 पदों हेतु आयोजित लिखित परीक्षा में उपस्थित अभ्यर्थियों द्वारा लिखित परीक्षा में प्राप्त अंको का विवरण अनुक्रमांकवार अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित किया गया तथा चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड कार्यालय के पत्र संख्या– उ0चि0से0च0बो0 / परी0 / 23 / 2024–25 / 429, दिनांक– **01 जून 2026** द्वारा साक्षात्कार / अभिलेख सत्यापन हेतु लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई थी।

अभिलेख सत्यापन में उपस्थित अभ्यर्थियों के अभिलेखों की जांच के उपरान्त कतिपय अभ्यर्थियों के दस्तावेजों में अभ्युक्ति अंकित की गई है, जिसका विवरण निम्नानुसार है–

क्रम संख्या	अनुक्रमांक	अभ्युक्ति
1	2520241077	अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में राज्य सरकार के अन्तर्गत कार्यरत होने का दावा किया गया है परन्तु अभिलेख स्त्यापन दिवस पर अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है।
2	2520241091	अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन पत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी प्रमाण पत्र जो कि दिनांक 14 अगस्त 2025 को निर्गत किया गया है का उल्लेख किया गया है परन्तु अभिलेख सत्यापन के दौरान प्रस्तुत अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी प्रमाण पत्र जो कि दिनांक 20 अगस्त 2025 को निर्गत किया गया है प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत प्रमाण पत्र ऑनलाईन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 18 अगस्त 2025 के उपरान्त का निर्गत किया गया है, जो कि विज्ञापन के नियम 11–एच में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार मान्य नहीं है। अतः अभ्यर्थी को अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी का लाभ अनुमन्य नहीं होगा।
3	2520241037	अभ्यर्थी द्वारा राज्य सरकार के अन्तर्गत कार्यरत होने पर अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है।

बोर्ड द्वारा उपर्युक्त जारी सूची के सम्बन्ध में यदि कोई अभ्यर्थी अभ्युक्ति के सापेक्ष कोई कथन लिखित रुप में देना चाहते हैं तो अपना प्रत्यावेदन निर्धारित प्रारुप के साथ बोर्ड कार्यालय में ई–मेल ukmssbexam@gmail.com पर अथवा व्यक्तिगत रुप से निर्धारित प्रारुप के साथ स्वप्रमाणित साक्ष्य संलग्न कर दिनांक 02 जुलाई 2026 से 05 जुलाई 2026 सांय 05.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। **यह अंतिम अवसर है, उक्त के पश्चात् किसी भी माध्यम से प्राप्त प्रत्यावेदनों पर बोर्ड द्वारा विचार नहीं किया जायेगा।**

संलग्नक– प्रत्यावेदन प्रस्तुत करने हेतु प्रारुप– (परिशिष्ट–क)

ह0 / –
(प्रदीप जोशी)
सचिव

परिशिष्ट–क

ASSISTANT PROFESSOR (NURSING) EXAMINATION:- 2025			
Format of Representation (Please fill clearly with Blue Ball Pen)			
Post Name:	**ASSISTANT PROFESSOR (NURSING)**	**Date of Verification :**	
		Registration No.	
Roll No.		**Candidate's Father/ Husband Name**	
Candidate Name		**Date of Birth**	
Cause of Rejection		**Representation**	

Number of Attachment:
Date:

(Signature Candidate)

Full Name:
Address:
Contact No.
Mail Id.: